संख्या- 6/0 /2015/1550/69-1-15-22(म0ब0-83)/2015

प्रेषक,

एच0पी0 सिंह
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक : 07 जुलाई, 2015

विषय **वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, जल निकासी, नाली निर्माण व अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजनान्तर्गत वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-710/15/छः/17/2012-13, दिनांक 25 मई, 2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियो में इण्टरलाकिंग, जल निकासी, नाली निर्माण व अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजनान्तर्गत** वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-83 में जनपद-बिजनौर की न0पा0परि0 धामपुर, अफजलगढ़, शेरकोट, नटहौर व न0पं0 सहसपुर की विभिन्न मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण/नाला कार्य से सम्बन्धित अलग-अलग कुल 50 परियोजनाओं **हेतु कुल रू0 624.39 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति** सहित प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात् संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित **रू0 312.09 लाख (रूपये तीन करोड़ बारह लाख नौ हजार मात्र)** की धनराशि की, श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-32/69-1-13-14(31)/2012टीसी, दिनांक 16 जनवरी, 2013 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियॉ, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।

क्रमशः............2

4. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

7. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

8. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

9. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गई है।

10. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।

11. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यो की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

12. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सचिव/प्रमुख सचिव तथा विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।

13. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

14. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।

क्रमशः............3

15. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।

16. उक्त योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि में से उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी जितनी 31 मार्च, 2016 तक व्यय हो सके।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-**"2217-शहरी विकास-आयोजनागत-04-गंदी बस्तियों का विकास-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-04-शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में सी0सी0रोड/इण्टरलाकिंग नाली आदि सामान्य सुविधाओं के निर्माण कार्य-00-35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान"** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 तथा समय-समय पर प्राप्त निर्देशों के तहत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या- 6/0 /2015/1550(1)/69-1-2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
3. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बिजनौर।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (ई-8) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
9. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
10. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
11. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

शासनादेश संख्या- 610 /2015/1550/69-1-15-22(ग0ब0-83)/2015, दिनांक 07 जुलाई, 2015 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/नगर पंचायत का नाम | बस्ती/वार्ड का नाम | परियोजना की कुल लागत | प्रथम किश्त (50 प्रतिशत) के रूप में स्वीकृति योग्य धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बिजनौर | न0पा0परि0 धामपुर | मो0 इन्दिरा नगर में वर्धमान धरम कॉटा के सामने से कालागढ़ रोड से मुरलीकुंज के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.80 | 1.40 |
| 2. | तदैव | तदैव | मो0 इन्दिरा नगर में श्री चौधरी नरेन्द्र सिंह के घर से श्री महेन्द्र कुमार के घर तक (निकट प्रेम चन्द्रीया मण्डप) तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.82 | 1.41 |
| 3 | तदैव | तदैव | मो0 इन्दिरा नगर में संदीप कुमार के घर से इकरा नाले तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.84 | 2.92 |
| 4. | तदैव | तदैव | मो0 इन्दिरा नगर में कालागढ़ रोड निकट गोयल धर्म काटा के बराबर से श्री सुखपाल सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.91 | 2.955 |
| 5. | तदैव | तदैव | मो0 इन्दिरा नगर में (शिवपुरी कालोनी) में जीवन ज्योति अस्पताल से श्री मनोहर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.24 | 3.62 |
| 6. | तदैव | तदैव | मो0 इन्दिरा नगर में कालागढ़ रोड निकट श्री रामोतार सिंह के घर से श्री हुकुम सिंह के घर की ओर व लिंक गली में इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 13.46 | 6.73 |
| 7. | तदैव | तदैव | मो0 सूर्य नगर कालोनी में श्रीमती मगनो देवी के घर से श्री विक्रमसिंह के घर की ओर इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.82 | 1.91 |
| 8. | तदैव | तदैव | मो0 सूर्य नगर कालोनी में राम कुमार सिंह के घर से श्री ब्रजेश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.10 | 2.55 |
| 9. | तदैव | तदैव | मो0 देव नगर कालोनी में कालागढ़ मेन रोड से श्री कृष्ण कुमार के घर की ओर इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.56 | 4.28 |
| 10. | तदैव | तदैव | मो0 देव नगर कालोनी में श्री मनोज कुमार के घर से फूल सिंह के घर तक व अपूर्व राणा के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 6.59 | 3.295 |
| 11. | तदैव | तदैव | मो0 देव नगर कालोनी में श्री रिक्की कुमार के घर से | 9.86 | 4.93 |

—2—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | जनता क्लीनिक के सामने तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | | |
| 12. | तदैव | तदैव | मो0 देव नगर कालोनी में कालागढ़ मेन रोड से चाचा नेहरु स्कूल से श्री मिश्री सिंह के घर की ओर इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.50 | 7.75 |
| 13. | तदैव | न0पा0परि0 अफजलगढ़ | आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी के पीछे से अलवा नाले तक नाला निर्माण कार्य। | 20.61 | 10.305 |
| 14. | तदैव | तदैव | आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी के पीछे नाला निर्माण कार्य। | 21.45 | 10.725 |
| 15. | तदैव | तदैव | न0पा0परि0 अफजलगढ़ में कालागढ़ पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से वर्मा बैल्डिंग वर्क्स तक पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य। | 13.45 | 6.725 |
| 16. | तदैव | तदैव | आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी वर्मा बैल्डिंग वर्क्स से आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी तक इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य। | 22.62 | 11.31 |
| 17. | तदैव | तदैव | आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी में वाटर वर्क्स के सामने इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य। | 8.25 | 4.125 |
| 18. | तदैव | तदैव | आई0एच0एस0डी0पी0 कालोनी के पीछे इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य। | 13.76 | 6.88 |
| 19. | तदैव | न0पं0 सहसपुर | मो0 शेखान में करन सिंह के घर से कब्रिस्तान बन्जारियान/कुरैशियान तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.22 | 1.11 |
| 20. | तदैव | तदैव | मो0 अफगानान वार्ड नं0-03 में गुड्डू के प्लाट से जीवन हरिजन के मकान तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.77 | 4.385 |
| 21. | तदैव | न0पा0परि0 शेरकोट | मो0 नौधना में फैक्ट्री से श्री इरशाद के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.12 | 2.06 |
| 22. | तदैव | तदैव | मो0 सबाना सराय में मस्जिद से कब्रिस्तान के गेट तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.34 | 2.67 |
| 23. | तदैव | तदैव | मो0 सबाना सराय में कब्रिस्तान के गेट/काले के घर से श्रीमती सबाना और शराफत के प्लाट से श्री मुन्ना के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.07 | 4.035 |
| 24. | तदैव | तदैव | मो0 नौधना में श्री मो0 जाहिद के घर से श्री आफाक के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.73 | 4.865 |
| 25. | तदैव | न0पा0परि0 नहटौर | मो0 तकिया गढ़ी पूर्व में श्री राजू के घर से शमशान घाट की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.65 | 12.325 |
| 26. | तदैव | तदैव | मो0 तकिया गढ़ी पूर्वी में श्री सलीम के घर से शमशान घाट की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.73 | 12.365 |
| 27. | तदैव | तदैव | मो0 तकिया गढ़ी पूर्वी में श्री दालमिल से श्री मनसूर के घर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.82 | 12.41 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28. | तदैव | तदैव | मो0 तकिया गढ़ी पूर्वी में श्री दालमिल से राजू बिजली वाले के घर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.93 | 12.465 |
| 29. | तदैव | न0पा0परि0 धामपुर | मो0 शक्ति नगर में श्री जैन साहब के प्लाट से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.14 | 2.57 |
| 30. | तदैव | तदैव | मो0 शक्ति नगर में डा0 ऋषिराज सिंह के घर से श्री सर्वेश कुमार के घर तक एवं लिंक गलियों में इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.81 | 2.905 |
| 31. | तदैव | तदैव | मो0 शक्ति नगर में मेन रोड, प्रतिभा कोचिंग सेन्टर से श्री नन्दराम सेकेट्री के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 6.83 | 3.415 |
| 32. | तदैव | तदैव | मो0 शक्ति नगर में आभा अग्रवाल के घर से महिन्द्रा ट्रैक्टर की एजेन्सी तक व मेन रोड तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.06 | 4.03 |
| 33. | तदैव | तदैव | मो0 शक्ति नगर में मास्टर बलवन्त के घर से श्री जयपाल सिंह के घर तक व टावर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.60 | 4.30 |
| 34. | तदैव | तदैव | मो0 शक्ति नगर में श्री जयपाल सिंह के घर तक एवं टावर से डा0 श्री राम चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.61 | 4.305 |
| 35. | तदैव | तदैव | मो0 न्यू धामपुर सिटी कालोनी में मास्टर ओमपाल सिंह के घर से श्री मनोज कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.21 | 2.105 |
| 36. | तदैव | तदैव | मो0 न्यू धामपुर सिटी कालोनी में डा0 आर0के0 यादव सिंह के घर के सामने से श्री अर्जुन सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.40 | 2.70 |
| 37. | तदैव | तदैव | मो0 न्यू धामपुर सिटी कालोनी में मास्टर प्रदीप कुमार के घर से श्री जयपाल सिंह के घर तक व लिंक गली में इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 11.07 | 5.535 |
| 38. | तदैव | तदैव | मो0 न्यू धामपुर सिटी कालोनी में श्री संजय सिंह के घर के सामने से श्री करन सिंह के घर की ओर इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 14.34 | 7.17 |
| 39. | तदैव | तदैव | मो0 नई बस्ती में श्री गुलफाम के घर से श्री मो0 यासीन के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.47 | 1.235 |
| 40. | तदैव | तदैव | मो0 नई बस्ती में श्री मो0 आसिफ के घर से श्री मकसूद के कारखाने तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.91 | 3.955 |
| 41. | तदैव | तदैव | मो0 नई बस्ती में सद्दाम के घर के सामने नाला निर्माण कार्य। | 2.76 | 1.38 |
| 42. | तदैव | न0पा0परि0 | मो0 होलियान में सरस्वती देवी कालेज से बड़े नाले की | 24.95 | 12.475 |

-4-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नहटौर | ओर नाला निर्माण कार्य। | | |
| 43. | तदैव | तदैव | नूरपुर रोड पैजनिया रोड से कुबेर सरस्वती स्कूल तक नाला निर्माण कार्य। | 24.67 | 12.[illegible]5 |
| 44. | तदैव | तदैव | नूरपुर रोड पैजनिया रोड से श्री धर्मपाल सिंह सैनी के घर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.87 | 12.435 |
| 45. | तदैव | तदैव | मो0 तकिया गढ़ी पूर्वी में दालमिल से श्री राजू बिजली वाले के घर की ओर इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 23.06 | 11.53 |
| 46. | तदैव | तदैव | मो0 तकिया गढ़ी पूर्वी में दालमिल से श्री सलीम के घर से शमशान घाट की ओर इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 24.22 | 12.11 |
| 47. | तदैव | तदैव | मो0 होलियान मे चुन्नाभट्टी से बड़े नाले की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.53 | 12.265 |
| 48. | तदैव | तदैव | मो0 होलियान मे शिशुमन्दिर से चुन्ना भट्टी की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.60 | 12.30 |
| 49. | तदैव | तदैव | मो0 होलियान मे श्री बम्हपाल सिंह के घर से चुन्ना भट्टी की ओर नाला निर्माण कार्य। | 24.99 | 12.495 |
| 50. | तदैव | तदैव | मो0 जोखा सराय से श्री अयूब के घर व श्री रब्बानी के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 12.06 | 6.03 |
| | योग | | | 624.18 | 312.09 |

(रूपये तीन करोड़ बारह लाख नौ हजार मात्र)।

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।